पंजीयन क्र. 908

# छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज

रायपुर (छ.ग.) www.cgkasaundhan.com

क्र. दिनांक : ..........................

प्रति,

श्रीमान प्रदेश पदाधिकारी / जोन पदाधिकारी / कार्यकारिणी / महिला प्रतिनिधि
छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज

विषय : दिनांक 06 जून 2021 को आयोजित ऑनलाईन बैठक कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण ।

महोदय,

सादर अभिवादन !

छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज का प्रथम वर्चुअल बैठक माननीय अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी की अध्यक्षता में सायं 3.00 बजे प्रारंभ हुआ । प्रारंभिक औपचारिकता, स्वागत, अभिनंदन एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों के पश्चात महासचिव देवेन्द्र गुप्ता जी के द्वारा विवाह योग्य युवक-युवती सम्मेलन (ऑनलाईन) के संबंध में सुझाव एवं सहयोग आमंत्रित किये गये । चर्चा प्रारंभ होने से पूर्व प्रदेश मुख्य संरक्षक श्री बसंत गुप्ता जी द्वारा इस कार्यक्रम को समाज हित तथा प्रदेश संगठन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताते हुए सफल बनाने के लिए अपील किया। उन्होंने इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जोन एवं इकाई को पुरस्कृत करने की बात कही । प्रदेश संगठन के अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी ने अपने संदेश में कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को हम समय की मांग के अनुसार ऑनलाईन आयोजित कर रहे हैं । समाज के आम कसौंधन जन इस कार्यक्रम से लाभान्वित होने के लिए अधिक से अधिक बायोडाटा प्रेषित कर पंजीयन करावें । उन्होंने इस महती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के नवयुवक, महिला संगठन को सभी इकाई स्तर पर कार्य करने के लिए आव्हान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश के प्रचार सचिव श्री भूपेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता, प्रवक्ता श्री अनंत गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. अविनाश गुप्ता जी, श्री चन्द्रपुरिहा समाज के अध्यक्ष श्री सतीष गुप्ता, श्री मणिशंकर गुप्ता, रतनपुरिहा समाज के अध्यक्ष श्री बद्रीप्रसाद गुप्ता, प्रदेश सचिव श्री रमेश गुप्ता, श्री रामायण गुप्ता, श्री विनोद गुप्ता, उपमंत्री श्री रमेश गुप्ता, श्री रामकिशोर गुप्ता, जोन क्र. 3 रायपुर से सचिव श्री विनोद गुप्ता, श्री कन्हैया लाल गुप्ता, श्री रामानुज गुप्ता, श्री प्रफुल्ल गुप्ता, श्री धनराज गुप्ता, श्रीमती शीला गुप्ता, श्रीमती दीपशिखा गुप्ता, श्रीमती अंजू गुप्ता, श्रीमती आरती गुप्ता, जोन क्र. 4 से श्री रघुनंदन गुप्ता, श्री रविशंकर गुप्ता, श्रीमती वैजयंती गुप्ता, श्रीमती कविता गुप्ता, श्रीमती नम्रता मोदी आदि लोगों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव से प्रदेश संगठन को अवगत कराया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इकाई प्रमुख एवं स्वजातीय बंधुओं से अपील किया।

चर्चा पश्चात, कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रदेश संगठन द्वारा निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किये जा रहे हैं :-

1. परिचय सम्मेलन हेतु बायोडाटा प्रपत्र जारी किया जा रहा है । जिसे युवक-युवती अपने जोन सचिव / उपाध्यक्ष को 14 जून तक वाट्सअप के माध्यम से भेजेंगें तथा संकलित बायोडाटा का निरीक्षण कर जोन सचिव / उपाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी श्री महेन्द्र गुप्ता बिलासपुर को मोबाईल नंबर 9893000946 में प्रेषित करेंगें ।

2. संकलित समस्त बायोडाटा को पंजीयन नंबर प्रदान करते हुए सूची जारी किया जायेगा जिसमें 04 युवक एवं 04 युवती चारों जोन से शामिल किये जायेंगें तथा परिचय सम्मेलन में अल्टरनेट परिचय कराया जायेगा।

3. 20 जून को आयोजित परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में प्रतिभागी केवल अपना नाम, माता-पिता का नाम, निवास स्थान, उम्र एवं शैक्षणिक योग्यता को बतायेंगें । संचालक द्वारा प्रश्न नहीं किया जायेगा।

4. उपलब्ध तकनीकी सुविधा के आधार पर निर्धारित अवधि में परिचय संपन्न होगा। शेष प्रतिभागियों का परिचय दूसरे दिन आयोजित होगा।

5. संकलित बायोडाटा को पंजीयन क्रमांक के आधार पर ही भविष्य में स्वजातीय बंधु कार्यक्रम प्रभारी से व्हाट्स-अप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं । बायोडाटा को प्रकाशित करने संबंधी अंतिम निर्णय प्रदेश संगठन अपनी अलग बैठक में लेगी।

6. प्रदेश संगठन को प्राप्त बायोडाटा के आधार पर प्रतिभागियों के व्हाट्स-अप मोबाईल नंबर में 17-18 जून तक उनके पंजीयन क्रमांक की सूची उपलब्ध करा दिया जायेगा । सूची में नाम नहीं होने पर प्रतिभागी इसकी सूचना तत्काल देंगें ।

7. परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को **App** एवं **Link** की जानकारी 18-19 जून को उनके व्हाट्स-अप मोबाईल नंबर में भेज दिया जायेगा।

8. तकनीकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समूह में एकत्र होकर युवक-युवतियों का परिचय प्रस्तुत कराने हेतु नगर इकाई अपनी योजना बना सकते हैं । जिसकी सूचना 19 जून को दोपहर 12.00 बजे तक देनी होगी।

उक्त ऑनलाईन बैठक का संचालन महेन्द्र गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन महासचिव श्री देवेन्द्र गुप्ता ने तकनीकी सहायता के लिए श्री आनंद गुरु गोस्वामी को विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रदेश संगठन के समस्त पदाधिकारियों, जोन, पार, गढ़, इकाई के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा महिला प्रतिनिधियों का बैठक में शामिल होकर महत्वपूर्ण सुझाव देने के लिए आभार व्यक्त किया।

पत्र सादर प्रेषित -

1. श्रीमान् बसंत गुप्ता जी, मुख्य संरक्षक छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज।
2. श्रीमान् राजकुमार गुप्ता जी अध्यक्ष छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज।
3. श्रीमान् राजकुमार गुप्ता जी, कोषाध्यक्ष छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज।
4. श्रीमान् भूपेन्द्र गुप्ता जी, प्रचार सचिव छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज।
5. श्रीमान् अनन्त गुप्ता जी, प्रवक्ता छ.ग. कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज।
6. श्रीमान् बद्री प्रसाद गुप्ता जी, अध्यक्ष रतपुरिहा कसौंधन वैश्य महासभा।
7. श्रीमान् सतीश गुप्ता जी, अध्यक्ष श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज सप्तगढ़।
8. श्रीमान् डॉ. अविनाश गुप्ता, रायपुर जोन मनोनीत अध्यक्ष ।
8. श्रीमान् शिवकुमार गप्ता जी, अध्यक्ष कवर्धा, पण्डरिया, पाण्डातराई, पिपरिया।
9. मान्नीय जोन उपाध्यक्षगण, श्री रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, श्री गणेशी लाल गुप्ता, श्री सतीष दानी,
10. माननीय सचिव जोन क्रं. 1, 2, 3 एवं 4
11. समस्त महिला प्रतिनिधिगण, जोन क्र. 3 एवं 4

विनीत

(देवेन्द्र गुप्ता)
महासचिव
मो. 9755854120